उत्तर मध्य रेलवे
कार्य अध्ययन प्रकोष्ठ

कार्य अध्ययन रिपोर्ट

# वरि0 मंडल परिचालन प्रबंधक/आगरा मंडल के अधीन कार्यरत काल ब्वाय कैटेगरी में कार्यरत स्टाफ के कार्य की समीक्षा

**कार्य अध्ययन सं.**– म.प्र./उ.म.रे./का.अ./ परिचालन / आगरा /14/18–19

**मार्गदर्शन एवं निर्देशन**

श्री अमिताभ ओझा
वरिष्ठ उप महाप्रबंधक

व

श्री अन्शू पाण्डेय
उप महाप्रबंधक/सामान्य

एवं

**सहयोग**

श्री संतोष बाजपेयी
कार्य अध्ययन अधिकारी

**सम्पादित**

अनिल कुमार पटेल
मुख्य कार्य अध्ययन निरीक्षक

<u>अनुक्रमणिका</u>


| क्रम संख्या | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | अधिशासकीय सार | 2 |
| 2. | आभार एवं संस्तुति सारांश | 3 |
| 3. | **अध्याय– प्रथम**<br>प्रस्तावना एवं संदर्भित सीमायें | 4 |
| 4. | **अध्याय– द्वितीय**<br>कर्मचारी संख्या एवं कार्य का विवरण | 5 |
| 5. | **अध्याय–तृतीय**<br>वित्तीय परिणाम एवं संस्तुति | 6 |


''''''''

# अधिशासकीय सार

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य अध्ययन का नाम | वरि0 मंडल परिचालन प्रबंधक/आगरा मंडल के अधीन कार्यरत काल ब्वाय कैटेगरी में कार्यरत स्टाफ के कार्य की समीक्षा |
| 2. | कर्मचारी की श्रेणी | ग्रुप डी |
| 3. | विभाग | परिचालन |
| 4. | कार्य अध्ययन वर्ष | 2019–20 |
| 5. | प्रारम्भ की तिथि | 22.01.2019 |
| 6. | पूर्ण होने की तिथि | 16.09.2019 |
| 7. | स्वीकृत पदों की संख्या | 03 |
| 8. | कार्यरत कर्मचारियों की संख्या | 00 |
| 9. | अभ्यर्पण हेतु प्रस्तावित पद | 03 |
| 10. | वित्तीय बचत | Rs. 15,09,984/-<br>(पन्द्रह लाख नौ हजार नौ सौ चौरासी रू0 मात्र) |

## आभार

कार्याध्ययन दल श्री आकांक्षु गोविल, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक/आगरा मंडल का गहन आभारी है जिन्होने इस कार्याध्ययन में अपना बहुमूल्य समय एवं मार्गदर्शन प्रदान किया है। साथ ही साथ कार्याध्ययन दल श्री यू0 पी0 सिंह यातायात निरीक्षक, परिचालन विभाग/आगरा मंडल का विशेष आभारी है जिन्होने इस कार्याध्ययन हेतु महत्वपूर्ण सूचनायें उपलब्ध कराने में अपना बहुमूल्य समय एवं समुचित सहयोग प्रदान किया है।

''''''

## संस्तुति सारांश

कार्य अध्ययन में पाया गया कि वरि0 मंडल परिचालन प्रबंधक/आगरा मंडल के अधीन कार्यरत काल ब्वाय संवर्ग में 03 पद स्वीकृत हैं तथा तीनों पद रिक्त पडे हैं। गार्ड रनिंग रूम में तीन प्वाइंट्समैन व एक री इन्गेजमेंट के रिटायर्ड गार्ड द्वारा कार्य कराया जा रहा है। कुछ गार्डों के पास सी0यू0जी0 सिम नहीं है, तथा सी0यू0जी0 सिम की आपूर्ति की प्रक्रिया चल रही है। अतः कार्याध्ययन दल वरि0 मंडल परिचालन प्रबंधक/आगरा मंडल के अधीन 03 काल ब्वाय संवर्ग के पदों को अभ्यर्पित करने की संस्तुति करता है।

# अध्याय–प्रथम

## प्रस्तावना एवं संदर्भित सीमायें

भारतीय रेलवे में आउटसोर्सिंग तथा नई दूरसंचार नीतियों के समावेश होने से कई प्रकार के कार्यों को सम्पादित करने में तथा मैनपावर की कमी से निपटने में सरलता हुई है। इसी क्रम में पदों का अभ्र्यपण करके सी0यू0जी0 सिम कर्मचारियों को जारी किये जा रहे हैं। रेलवे ड्राइवर व गार्ड तथा अन्य कर्मचारियों को बेहतर कार्य कुशलता प्राप्त करने के लिये सी0यू0जी0 सिम जारी किये गये हैं, जिसका परोक्ष रूप से लाभ भी मिल रहा है। इस प्रकार रेलवे ड्राइवर व गार्ड को डियूटी पर बुलाने के लिये रेलवे कर्मचारियों की आवश्यकता समाप्त हो गयी है। अतएव कार्य संवर्धन के साथ–साथ कर्मचारी लागत पर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए, जिससे रेल की कार्यक्षमता को बढाया जा सके।

वरिष्ठ उप महाप्रबंधक महोदय के निर्देश पर कार्य अध्ययन प्रकोष्ठ द्वारा "वरि0 मंडल परिचालन प्रबंधक/आगरा मंडल के अधीन कार्यरत काल ब्वाय कैटेगरी में कार्यरत स्टाफ के कार्य की समीक्षा" विषय को कार्याध्ययन हेतु चुना गया है। यह कार्याध्ययन वरिष्ठ उप महाप्रबंधक महोदय द्वारा वर्ष 2018–19 के लिए अनुमोदित कार्याध्ययन सूची से उद्वृत है।

वर्णित कार्याध्ययन वरि0 मंडल परिचालन प्रबंधक/आगरा मंडल के प्रशासनिक नियंत्रण में निहित है।

# अध्याय–द्वितीय

## कर्मचारी संख्या एवं कार्य का विवरण

2.1.**कर्मचारी संख्याः–**

वरि0 मंडल परिचालन प्रबंधक/आगरा मंडल के अधीन कार्यरत काल ब्वाय के स्वीकृत एवं वास्तविक पद संख्या का विवरण निम्नवत है :–

| क्रम सं0 | पदनाम | वेतनमान | स्वीकृत कर्मचारी संख्या | कार्यरत कर्मचारी संख्या | अन्तर | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | काल ब्वाय | लेवल–1 (5200-20200) GP-1800 | 03 | 00 | - 03 | |

**2.2 कार्य का विवरणः–**

कार्य अध्ययन में ज्ञात हुआ कि वरि0 मंडल परिचालन प्रबंधक/आगरा मंडल के अधीन कार्यरत काल ब्वाय के 03 पद स्वीकृत हैं। काल ब्वाय के स्वीकृत तीनों पद रिक्त चल रहे हैं। गार्ड रनिंग रूम में तीन प्वाइंट्समैन व एक री इन्गेजमेंट के रिटायर्ड गार्ड द्वारा कार्य कराया जा रहा है।

तीन शिफ्ट में दो प्वाइंट्समैन व एक री इन्गेजमेंट के रिटायर्ड गार्ड द्वारा कार्य किया जा रहा है, जिसमें से एक प्वाइंट्समैन मेडिकली डी कैटेगराइज्ड है। रेस्ट गिवर का कार्य भी एक अन्य प्वाइंट्समैन द्वारा किया जा रहा है। कुछ गार्डों के पास सी0यू0जी0 सिम न होने के कारण स्टॉफ लगाया गया है। सी0यू0जी0 सिम की आपूर्ति की प्रक्रिया चल रही है।

# अध्याय–तृतीय

## वित्तीय परिणाम

**3.0** इस कार्याध्ययन में दी गयी संस्तुतियों के कियान्वयन के फलस्वरूप रेल राजस्व में होने वाली बचत के प्रतिपद का आकलन निम्नवत् किया गया :–

| क्र0 सं0 | पदनाम | वेतनमान | पद सं0 | औसत मासिक मूल्य प्रति पद (रु0 में) | कुल मासिक मूल्य (रु0 में) | वार्षिक आवर्ती बचत (रु0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | काल ब्वाय | (लेवल–1) (5200-20200) GP-1800 | 03 | 41,944/- | 1,25,832/- | 15,09,984/- |
| | | | | कुल | | 15,09,984/- |
| | | | (पन्द्रह लाख नौ हजार नौ सौ चौरासी रू0 मात्र )। | | | |

**3.1 संस्तुतिः–**

कार्य अध्ययन में ज्ञात हुआ कि वरि0 मंडल परिचालन प्रबंधक/आगरा मंडल के अधीन कार्यरत काल ब्वाय के 03 पद स्वीकृत हैं परन्तु काल ब्वाय के स्वीकृत तीनों पद रिक्त चल रहे हैं। गार्ड रनिंग रूम में तीन प्वाइंट्समैन व एक री इन्गेजमेंट के रिटायर्ड गार्ड द्वारा कार्य कराया जा रहा है। जिसमें से एक प्वाइंट्समैन मेडिकली डी कैटेगराइज्ड है।

आगरा मंडल के सभी गार्डों के पास सी0यू0जी0 सिम न होने के कारण स्टॉफ लगाया गया है। सी0यू0जी0 सिम की आपूर्ति की प्रक्रिया चल रही है।

उपरोक्त के अनुसार काल ब्वाय के 03 पदों का औचित्य नहीं है। इस लिये सभी गार्डों को शीघ्रातिशीघ्र सी0यू0जी0 सिम उपलब्ध करवा कर इन पदों को अभ्यर्पित किया जा सकता है।

अतः कार्याध्ययन दल वरि0 मंडल परिचालन प्रबंधक/आगरा मंडल के अधीन 03 काल ब्वाय संवर्ग के पदों को अभ्यर्पित करने की संस्तुति करता है।

////////////////////////////////////////////-----------/////////////////////////////////////